Seventeenth Loksabha

Title: Need to attract investment and set up industries in Bihar.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): सभापति महोदय, मैं वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री जी का ध्यान बिहार में निवेश और उद्योगों की स्थापना की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । बिहार राज्य का अपना विशिष्ट स्थान है । यह उत्तर पूर्वी भारत और नेपाल की सीमा से लगे बड़े-बड़े बाजारों से जुड़ा है । राज्य में 2 लाख किलोमीटर से अधिक सड़क नेटवर्क और 6700 किलोमीटर से अधिक रेलवे लाइनों का एक विस्तृत नेटवर्क है तथा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की उपस्थिति इसे शेष भारत और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से अच्छी तरह से जोड़ती है । स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्ग, जो बिहार के कई जिलों से होकर गुजरता है । इसे प्रमुख मेट्रो शहरों से जोड़ता है । ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, जो राज्य से होकर गुजरता है । कच्चे माल के स्रोतों यानी कोलकाता और हल्दिया बंदरगाहों और पड़ोसी राज्यों में खनिज संसाधनों के स्रोतों तक पहुंच प्रदान करता है । यह बिहार में निवेश, नए व्यवसायों तथा उद्योगों की स्थापना के पर्याप्त अवसर प्रदान करता है । अत: मैं माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि बिहार राज्य में अधिक से अधिक निवेश और उद्योग स्थापित किए जाए ताकि इस राज्य के युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल सकें और राज्य अपने संसाधनों का इष्टतम उपयोग करने में समर्थ हों ।